# राष्ट्रपति ने प्रदान किये खेल और साहसिक पुरस्कार 2023

**स्रोत: पी.आई.बी.**

हाल ही में भारत के राष्ट्रपति ने **प्रतिष्ठित** राष्ट्रीय खेल तथा साहसिक पुरस्कार **(National Sports and Adventure Awards) 2023** प्रदान करने के लिये राष्ट्रपति भवन में एक समारोह की अध्यक्षता की।

- पुरस्कारों का संचालन **भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय** द्वारा किया जाता है।

## समारोह में कौन-से पुरस्कार शामिल थे?

- मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार:
  - यह भारत का सर्वोच्च खेल सम्मान है, जिसे वर्ष **1991-92** में स्थापित किया गया।
  - इस पुरस्कार का नाम हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी **मेजर ध्यानचंद** के नाम पर रखा गया है।
  - यह **चार वर्ष** की अवधि में किसी खिलाड़ी द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये दिया जाता है।
  - यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले उल्लेखनीय विजेताओं में **एमसी मैरी कॉम, पीवी सिंधु, सचिन तेंदुलकर तथा विराट कोहली** शामिल हैं।
    - **2023:** वर्ष 2023 के लिये **यह पुरस्कार चिराग शेट्टी एवं सात्विक साईराज रंकीरेड्डी (बैडमिंटन) को दिया गया।**
- **अर्जुन पुरस्कार:**
  - वर्ष **1961** में स्थापित यह पुरस्कार खेल रत्न के अस्तित्व में आने से पूर्व भारत का सर्वोच्च खेल सम्मान था।
  - इसका नाम **महाभारत के पात्र अर्जुन** के नाम पर रखा गया है।
  - यह पुरस्कार 4 वर्ष की अवधि में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये प्रदान किया जाता है।
  - पुरस्कार प्राप्त विजेताओं को अर्जुन की एक प्रतिमा, एक प्रमाण-पत्र तथा नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
  - सर्वप्रथम वर्ष 1961 में फुटबॉल **ओलंपियन पीके बनर्जी** को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
  - प्रथम महिला पुरस्कार विजेता: **हॉकी खिलाड़ी अन्ना लमसडेन**।
    - **2023: वर्ष 2023 के लिये** अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाज़ी), मोहम्मद शमी (क्रिकेट), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (शूटिंग) तथा अन्य को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- **द्रोणाचार्य पुरस्कार:**
  - यह पुरस्कार प्रशिक्षकों/कोच को प्रदान किया जाने वाला भारत का सर्वोच्च खेल सम्मान है जिसे **वर्ष 1985** में स्थापित किया गया था।
  - इसका नाम महाभारत में अर्जुन के प्रशिक्षक **द्रोणाचार्य** के नाम पर रखा गया है।
  - इससे सम्मानित विजेताओं को द्रोणाचार्य की एक कांस्य प्रतिमा, एक प्रमाण-पत्र एवं नकद पुरस्कार दिया जाता है।
  - प्रथम महिला पुरस्कार विजेता: **वर्ष 2002 में एथलेटिक्स कोच रेनू कोहली।**
  - यह पुरस्कार खेल क्षेत्र में हाल की उपलब्धियों तथा आजीवन योगदान दोनों के लिये दिया जाता है।
    - **2023**:
      - **नियमित श्रेणी:** ललित कुमार (कुश्ती), आर.बी रमेश (शतरंज) सहित अन्य।
      - **आजीवन श्रेणी:** जसकीरत सिंह ग्रेवाल (गोल्फ), भास्करन ई (कबड्डी) सहित अन्य।
- **मेजर ध्यानचंद पुरस्कार:**
  - वर्ष **2002** में स्थापित यह पुरस्कार खेल क्षेत्र में में आजीवन उपलब्धियों के लिये दिया जाता है।
  - व्यक्तिगत क्षमता में खेलों को प्रोत्साहन देने वाले योगदानकर्त्ताओं को इससे सम्मानित किया जाता है।
  - इसे प्राप्त करने वाले प्रथम विजेताओं में **ओलंपियन मुक्केबाज़ शाहुराज बिराजदार तथा हॉकी खिलाड़ी अशोक दीवान** शामिल हैं।
    - **2023:** वर्ष 2023 के लिये मंजूषा कंवर (बैडमिंटन), विनीत कुमार शर्मा (हॉकी), कविता सेल्वराज (कबड्डी) को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ट्रॉफी **(Maulana Abul Kalam Azad Trophy - MAKA):**
  - भारत में सबसे पुराना राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, 1956-1957 में स्थापित किया गया।
  - अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में **शीर्ष प्रदर्शन के लिये किसी संस्थान या विश्वविद्यालय** को दिया जाता है।
  - पुरस्कार में **एक रोलिंग MAKA ट्रॉफी और एक नकद पुरस्कार** शामिल है।
  - सबसे पहले **वर्ष 1956-57 में बम्बई विश्वविद्यालय** को प्रदान किया गया।
    - **2023**: गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (समग्र विजेता विश्वविद्यालय); लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब (प्रथम

उपविजेता); कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र (द्वितीय उपविजेता)।

- **राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार:**
  - **वर्ष 2009 में** स्थापित किया गया।
  - खेल प्रोत्साहन और विकास के लिये संगठनों तथा व्यक्तियों को पुरस्कार दिया गया।
  - श्रेणियों में प्रतिभा की पहचान, कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी, खिलाड़ियों का रोज़गार और विकास के लिये खेल शामिल हैं।
    - **2023**: **जैन (डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी),** ओडिशा खनन निगम लिमिटेड।
- **तेनज़िंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक (Adventure) कार्य पुरस्कार:**
  - इसे वर्ष 1993-1994 से प्रस्तुत किया गया है और इसका नाम **तेनजिंग नोर्गे** के नाम पर रखा गया है, जो 1953 में एडमंड हिलेरी के साथ **माउंट एवरेस्ट** के शिखर पर पहुँचने वाले पहले दो व्यक्तियों में से एक थे।
  - प्राप्तकर्त्ताओं को पिछले तीन वर्षों में "**भूमि, समुद्र** और **वायु** पर साहसिक गतिविधियों के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि" के लिये सम्मानित किया गया है।
  - इस पुरस्कार का दर्जा खेल के क्षेत्र में दिये जाने वाले अर्जुन पुरस्कार के समकक्ष माना जाता है।
    - **2022**: स्वर्गीय सुश्री सविता कंसवाल (भूमि), श्री तुलसी चैतन्य मोथुकुरी (जल), श्री अंशू कुमार तिवारी (वायु)।




//

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष प्रश्न

**प्रश्न1. खेल पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2023)**

| | |
|---|---|
| **1.मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार** | **किसी खिलाड़ी द्वारा पिछले चार वर्षों की अवधि के दौरान सबसे शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये** |
| **2. अर्जुन पुरस्कार** | **किसी खिलाड़ी द्वारा जीवन-काल की उपलब्धियों के लिये** |
| **3. द्रोणाचार्य पुरस्कार** | **उन प्रतिष्ठित प्रशिक्षकों को सम्मानित करने के लिये जिन्होंने सफलतापूर्वक खिलाड़ियों या टीमों को प्रशिक्षित किया है** |
| **4. राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार** | **खिलाड़ियों द्वारा रिटायर होने के बाद भी किये गए योगदान की सराहना करने के लिये** |

**उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

**(a) केवल एक**
**(b) केवल दो**
**(c) केवल तीन**
**(d) सभी चार**

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/president-of-india-presents-sports-and-adventure-awards-2023